nandgaon times sep--23-02.qxd 9/22/2024 10:34 PM Page 1

पशु क्रूरता के पांच आरोपी... पृष्ठ 2 | पीड़ित और बेगुनाहों को न्याय मिलेगा... पृष्ठ 3

नांदगांव टाइम्स

नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

।। जय श्री जलाराम ।।
श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर
उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।
ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।
मो: 98274-61508, 83192-88559

सोमवार, 23 सितंबर 2024, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 48, अंक 339, पृष्ठ 04, मूल्य 2 रुपए

मोदी है तो सम्भव है पुस्तक का मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया विमोचन

रायपुर। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने शनिवार रात रायपुर स्थित निवास कार्यालय में सुप्रसिद्ध साहित्यकार, गीतकार रामेश्वर दास वैष्णव द्वारा रचित पुस्तक ज्मोदी है तो सम्भव हैज् का विमोचन किया। विमोचन करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पुस्तक के लेखक रामेश्वर दास वैष्णव को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में प्रत्येक क्षेत्र में ऐतिहासिक काम हुए हैं। साथ ही देश के प्रत्येक वर्ग का सर्वांगीण विकास हुआ है। ऐसे में उन्होंने साहित्यिक रचना हेतु पुस्तक के लेखक को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस किताब में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपलब्धियों को अलग अंदाज में मुक्तकों के द्वारा प्रस्तुत किया गया है। पुस्तक विमोचन कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में मुख्यमंत्री के प्रेस ऑफिसर श्री आलोक सिंह, सुप्रसिद्ध रंगकर्मी अनिल शर्मा, लेखक विजय मिश्रा ज्अमितज्, सतीश शर्मा, पत्रकार योगेश मिश्रा, प्रमोद मिश्रा, हेमंत शर्मा उपस्थित रहे।

जनता की अदालत में केजरीवाल

जंतर-मंतर से पीएम मोदी पर किया हमला

नई दिल्ली। दिल्ली के पूर्व सीएम और आप संयोजक अरविंद केजरीवाल ने पीएम मोदी पर जमकर हमला बोला। इसके साथ ही उन्होंने ऋस्स् चीफ मोहन भागवत से पांच सवाल पूछे। केजरीवाल ने कहा कि आरएसएस वाले कहते हैं कि वे राष्ट्रवादी हैं, देश भक्त हैं। इसलिए वह पूरे सम्मान के साथ मोहन भागवत से पांच सवाल पूछना चाहते हैं। आइए जानते हैं कि केजरीवाल ने भागवत से कौन से सवाल पूछे। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि जिस तरह पीएम मोदी देशभर में ईडी और सीबीआई जैसी जांच एजेंसियों का डर दिखाकर दूसरी पार्टी के नेताओं को तोड़ रहे हैं। उनकी सरकारें गिराने में लगे हुए हैं। क्या ये देश के लिए सही है? आप (मोहन भागवत) इस बात को मानते हैं कि भारतीय जनतंत्र के लिए क्या ये हानिकारक है? केजरीवाल ने कहा कि देशभर में सबसे ज्यादा भ्रष्टाचारी नेताओं को प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी पार्टी (बीजेपी) में शामिल कर लिया। उन्होंने कहा कि जिन नेताओं को कुछ दिन पहले पीएम ने खुद सबसे भ्रष्टाचारी बताया था। वहीं जिन नेताओं को गृहमंत्री अमित शाह ने भ्रष्टाचारी कहा था। इसके कुछ दिन बाद ही उन्हें भाजपा में शामिल कर लिया गया। क्या आपने ऐसी बीजेपी पार्टी की कल्पना की थी? क्या आप इस तरह की राजनीति से आप सहमत है। अरविंद केजरीवाल ने मोहन भागवन से पूछा कि बीजेपी आरएसएस की कोख से ही पैदा हुई है। ऐसे में ये देखना आरएसएस की ही जिम्मेदारी है कि क्रछ्क्क अपने पथ से भ्रष्ट न हो। क्या आप आज की भाजपा के कदमों से सहमत हैं? क्या आपने कभी मोदी जी को समझाया है, कि वह ये सब न करें। क्या आपने मोदी जी को ये सब गलत हरकतें करने से रोका। अरविंद केजवाल ने आगे कहा कि लोकभा चुनाव के दौरान जेपी नड्डा ने कहा कि बीजेपी को आरएसएस की जरूरत नहीं है। केजरीवाल ने कहा कि आरएसएस बीजेपी की मां समान है। क्या बेटा इतना बड़ा हो गया है कि मां को आंखें दिखाने लग गया है। जिस बेटे को पाल पोसकर बड़ा किया। जिस बेटे को प्रधानमंत्री बनाया। आज वो बेटा पलटकर अपनी मां को आखें दिखा रहा है। आज वो बेटा अपनी मातातुल्य संस्था को ही आंखें दिखा रहा है। केजरीवाल ने कहा कि नड्डा जी ने ये कहा तो आपको आपके दिल पर क्या गुजरी? क्या आपको दुख नहीं हुआ। मैं आरएसएस के हर कार्यकर्ता से पूछना चाहता हूं कि जब नड्डा जी ये कहा कि हमें ऋस्स् की जरूरत नहीं है, तो क्या ऋस्स् के हर कार्यकर्ता को दुख नहीं हुआ। अरविंद केजवाल ने जनता की अदालत में अपना आखिरी सवाल पूछते हुए कहा कि आरएसएस और बीजेपी ने मिलकर ये कानून बनाया था कि 75 साल का होने पर किसी भी व्यक्ति को रिटायर होना पड़ेगा। इस दौरान उन्होंने आडवाणी और मुरली मनोहर जोशी का उदाहरण दिया। अब अमित शाह जी कह रहे है कि ये नियम पीएम मोदी पर लागू नहीं होगा। केजरीवाल ने कहा कि जब इन बहुत बड़े नेताओं को भी रिटायर कर दिया गया तो क्या ये नियम प्रधानमंत्री पर लागू नहीं होगा।

तिरुपति प्रसाद विवाद पर जगन रेड्डी ने पीएम मोदी को लिखा पत्र, झूठ फैलाने के लिए नायडू को फटकार लगाने की मांग

अमरावती। तिरुपति मंदिर के प्रसाद में मिलावट को लेकर मचे बवाल के बीच आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जगन्न मोहन रेड्डी ने पीएम मोदी को पत्र लिखते हुए चंद्रबाबू नायडू की शिकायत की है। जगन ने नायडू को फटकार लगाने के लिए पीएम से हस्तक्षेप करने की भी मांग की है। जगन रेड्डी ने पीएम मोदी को पत्र लिखकर चंद्रबाबू नायडू को आदतन झूठा करार देते हुए कहा कि नायडू इतने नीचे गिर गए हैं कि उन्होंने केवल राजनीतिक उद्देश्यों के लिए करोड़ों लोगों की आस्था को ठेस पहुंचाई है। जगन रेड्डी ने श्री वेंकटेश्वर स्वामी के अति-समृद्ध मंदिर के संरक्षक तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) में घी स्वीकार करने की प्रक्रिया का विवरण देते हुए आठ पन्नों के पत्र में आरोप लगाया कि नायडू के कार्यों ने न केवल सीएम के कद को गिराया है, बल्कि सार्वजनिक जीवन में टीटीडी की पवित्रता और इसकी प्रथाओं को भी गिराया है। जगन ने पीएम मोदी को भेजे गए पत्र में लिखा, 'सर, पूरा देश इस महत्वपूर्ण मोड़ पर

आपकी ओर देख रहा है। यह बहुत जरूरी है कि झूठ फैलाने के उनके बेशर्म कृत्य के लिए श्री नायडू को कड़ी फटकार लगाई जाए और सच्चाई को सामने लाया जाए। सर, इससे करोड़ों हिंदू भक्तों के मन में श्री नायडू द्वारा पैदा किए गए संदेह को दूर करने और टीटीडी की पवित्रता में उनके विश्वास को बहाल करने में मदद मिलेगी।' जगन रेड्डी ने पीएम मोदी को मामले का विवरण देते हुए कहा कि कथित रूप से मिलावटी घी को अस्वीकार कर दिया गया था और टीटीडी के परिसर में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी गई थी। हालांकि, नायडू ने दुर्भावनापूर्ण इरादे से 18 सितंबर को एक राजनीतिक पार्टी की बैठक में इस मुद्दे को उठाया। गौरतलब है कि कुछ दिनों पहले एनडीए विधायक दल की बैठक के दौरान, टीडीपी सुप्रीमो ने दावा किया कि पिछली वाईएसआरसीपी सरकार ने श्री वेंकटेश्वर मंदिर को भी नहीं छोड़ा और लड्डू बनाने के लिए घटिया सामग्री और पशु वसा का इस्तेमाल किया।

आठ तत्वों से ही मनुष्य का जीवन और मृत्यु होता है...

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। डेहरी ऑन सोन में चल रही भागवत कथा के दौरान परम पूज्य गुरुदेव श्री संकर्षण शरण जी (गुरुजी) ने कथा में यह बताएं की प्रकृति के आठ तत्व से मनुष्य का शरीर निर्माण होता है और उसी के संतुलन से मनुष्य का जीवन सुखी रहता है और यदि संतुलन बिगड़ जाए तो इनमें से कोई भी हमें मार सकता है। पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश, मन ,बुद्धि,अहंकार इन आठो में से कोई भी आपको मार सकता है कोई किसी से कमजोर नहीं है हवा भी आपको समाप्त कर सकती है पानी भी आपको हो सकता है अग्नि भी जला सकता है आपकी बुद्धि डिप्रेशन में चली गई आप एंजाइटी के शिकारों के खुद भी मार सकते हैं आपका मन अगर सही नहीं चल रहा है आपके अंदर अहंकार हो गया तो आपका अहंकार ही आपको बर्बाद डालेगा ये जितने तत्व है यदि आपके अंदर की सरलता, शीतलता सहनशक्ति

समाप्त हो जाएगी आत्महत्या कर लेंगे तो पृथ्वी भी आपकी गई आपको मार देगी तो सब तत्व जो है वह आपको मार डालने वाले हैं कोई बचाने वाले नहीं है और इन्हीं तत्वों का उपयोग करके सदुपयोग करके आपका जीवन है तो इन्हीं तत्वों की गड़बड़ी होने से अनबैलेंस होने से असंतुलित होने से आपकी मृत्यु भी है, नारद जी हमेशा सही बात बताते हैं लेकिन कंस को वेद की भाषा समझ में नहीं आती और चिंतित हो जाते हैं। नारद जी कंस को समझाते हुए कहते हैं कि जहां से शुरू करो वही पहला है और जहां खत्म वहीं आठ आप किसको पहला मानते हो और किसको आठ कोई कमजोर नहीं है कंस उसको दूसरे अर्थ में लेते हैं और वासुदेव का पहला बच्चा समाप्त कर देते हैं लेकिन मनुष्य को संतुलन में रहकर इन आठ तत्वों सदुपयोग करना चाहिए।कथा में आज कृष्ण जन्मोत्सव अत्यंत धूमधाम और आनंद के साथ मनाया गया काफी संख्या में लोगों की भीड़ रही और सोहर गीत के साथ बधाई बाटी गई, दूर-दूर से लोग कथा सुनने के लिए एकत्रित हुए हैं और यूट्यूब के माध्यम से भी भक्तजन कथा सुन रहे हैं।

मेरे खिलाफ रची जा रही साजिश : पूर्व सीएम बघेल ने सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस को लिखा पत्र

रायपुर। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस को पत्र लिखा है। इसमें उन्होंने सुप्रीम कोर्ट से विभिन्न अपराधों से जोड़ने के लिए उनके खिलाफ लगातार रची जा रही साजिशों के संबंध में शिकायत और स्वतंत्र जांच के निर्देश देने की प्रार्थना की है। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को लिखे पत्र में पूर्व सीएम बघेल ने कोयला परिवहन और महादेव सट्टा ऐप मामले में उनके खिलाफ रची जा रही साजिश के संबंध में अपनी बात कही है। उन्होंने पत्र में कहा है कि छत्तीसगढ़ में केंद्रीय और

राज्य एजेंसियों के कामकाज के संदर्भ में संविधान की सर्वोच्चता को बनाए रखने के लिए सर्वोच्च न्यायालय हस्तक्षेप करें। उन्होंने उच्चतम न्यायालय से केंद्रीय एजेंसियों और राज्य की एजेंसियों की भूमिका और कामकाज की उच्च-स्तरीय न्यायिक जांच की जाने का अनुरोध किया है। इस जांच की निगरानी या तो कोई उच्च न्यायालय करे या फिर आप सर्वोच्च न्यायालय की ओर से इसकी निगरानी के आदेश जारी करने का निवेदन किया है।

रोजगार गारंटी योजना में किया काम

पैसे के लिए सालभर से भटक रही है महिला

डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)। ग्राम पंचायत आसरा की एक महिला एक साल से महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत अपनी मजदूरी प्राप्त करने के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगा रही है। महिला का कथन है कि उसने मनरेगा के तहत भूमि सुधार कार्य में किया था, लेकिन अब तक उसे उसकी मजदूरी नहीं मिली है। मामला ग्राम पंचायत आसरा निवासी बिंझवारी बाई साहू की है, उन्होंने बताया कि मैं मनरेगा के तहत गांव में भूमि सुधार कार्य सन् 2022- 23 में

कुल 32 दिन काम किया हुं । जिसका भुगतान मुझे आज तक अप्राप्त है, मैं इसका शिकायत कलेक्टर को भी किया हूं। मैं ग्राम पंचायत और जनपद पंचायत की चक्कर लगाते लगाते थक गई हूं। आगे बताया कि कई बार ग्राम पंचायत और संबंधित अधिकारियों के पास अपनी शिकायत दर्ज करवाई, लेकिन हर बार उसे केवल आश्वासन ही मिला। इस देरी के कारण वह आर्थिक तंगी से जूझ रही है और परिवार के भरण-पोषण में भी दिक्कतों का सामना कर रही है।

चातुर्मास्य पश्चात पुरी शंकराचार्यजी का छग प्रवास आज से

अरविन्द तिवारी

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। ऋग्वेदीय पूर्वाम्नाय श्रीगोवर्द्धनमठ पुरी पीठाधीश्वर एवं हिन्दू राष्ट्र निर्माण के पथप्रदर्शक अनन्तश्री विभूषित श्रीमज्जगद्गुरु शंकराचार्य पूज्यपाद स्वामी श्रीनिश्चलानन्द सरस्वतीजी महाराज प्रतिवर्ष गुरु पूर्णिमा के उपरान्त श्रीगोवर्द्धनमठ पुरी में ही चातुर्मास्य व्रत करते हैं तथा इस अवधि में राष्ट्रोत्कर्ष अभियान अंतर्गत राष्ट्रव्यापी प्रवास कार्यक्रम विराम रहता है। चातुर्मास्य पश्चात यह प्रवास कार्यक्रम निरन्तर जारी रहता है , इसी परिपेक्ष्य में अपने राष्ट्रोत्कर्ष अभियान के तहत पुरी शंकराचार्यजी मुम्बई हावड़ा मेल से आज सुबह पौने नौ बजे रायपुर पहुंचेंगे। यहां रेल्वे स्टेशन में स्वागत पश्चात वे सड़क मार्ग से रावाभांठा स्थित शंकराचार्य आश्रम पहुंचेंगे। यहां दोपहर बारह

बजे दर्शन दीक्षा का कार्यक्रम होगा , उसके बाद दोपहर डेढ़ बजे महाराज श्री प्रेस वार्ता करेंगे। राजधानी रायपुर रावाभांठा स्थित शंकराचार्य आश्रम में पुरी शंकराचार्यजी 23 सितम्बर से 26 सितम्बर तक निवासरत रहेंगे। रायपुर पश्चात 26 सितम्बर रात्रि में रेलमार्ग द्वारा अम्बिकापुर प्रस्थान होगा। वहां 29 सितम्बर तक सनातनी भक्त वृन्द निर्धारित समय में दर्शन , दीक्षा , संगोष्ठी का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। अम्बिकापुर से 29 सितम्बर रात्रि में प्रस्थान कर 30 सितम्बर प्रात: न्यायधानी बिलासपुर पहुंचेंगे। गौरतलब है कि पुरी शंकराचार्यजी के हिन्दू राष्ट्र निर्माण यात्रा कार्यक्रम के तहत रायपुर में प्रात:कालीन सत्र में दोपहरबारह बजे से दर्शन , दीक्षा आयोजित है तथा सायं साढ़े पांच बजे दर्शन लाभ , संगोष्ठी का पुन: सुअवसर प्राप्त होगा। धर्मसंघ पीठपरिषद् , आदित्यवाहिनी - आनन्दवाहिनी छत्तीसगढ़ इकाई ने उपरोक्त कार्यक्रमों में सभी सनतनी भक्त वृन्द को सपरिवार - इष्ट मित्रों के साथ उपस्थित रहकर हिन्दू राष्ट्र निर्माण तथा भव्य भारत की संरचना जैसे पुण्य कार्य में अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की है। इसकी जानकारी श्रीसुदर्शन संस्थानम् , पुरी शंकराचार्य आश्रम के मीडिया प्रभारी अरविन्द तिवारी ने दी।

मेडिकल कॉलेज अब कैदियों के लिए आराम गाह ...

हार्ट पैसेन्ट का इलाज अब मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में ?

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। शासकीय मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल अब रसूकदार जेल में बंद कैदियों के लिए आराम करने की जगह बन गई है। वैसे तो थोड़ा भी गम्भीर बीमार व्यक्ति को यहां के डॉक्टर रिफर करने में कोई कोताही नही बरते, तत्काल हायर सेंटर रिफर कर देते है।किन्तु एक हार्ट के पैसेन्ट को 8 दिनों से हॉस्पिटल में विशेषज्ञ डॉक्टरों की निगरानी में आराम करने का पूरा अवसर दे रहे है।गौरतलब है, कि इस मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में एक भी कोडियोलॉजिस्ट नही है, फिर भी यहां हार्ट की परेशानियों से जूझ रहे एक व्यक्ति का इलाज हॉस्पिटल में मौजूद मेडिसिन विभाग के विशेषज्ञ कर रहे है ,

शायद अब मेडिकल कॉलेज में मेडिसिन विभाग के डॉक्टरों ने हार्ट पैसेन्ट का भी इलाज करना सीख लिया है। हम बात कर रहे है, हाल में छुईखदान सरकारी महकमे में तैनात एक एसडीओ कि जिसे एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम में रिश्वत लेते रंगेहाथ पकड़ा था। उक्त रसूकदार अधिकारी पैसों के दम पर जेल ना जाकर मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में भगवान विष्णु की तरह विष्णु शैया पर आराम करते नजर आते है। खैर राजनांदगांव की जनता और हार्ट के पैसेन्ट के लिए अब बड़ी और राहत की बात यह है,कि अब इस मेडिकल कॉलेज में दूसरे विभाग के डॉक्टर भी हार्ट का भी इलाज कर सकते है।

आत्महत्या या हत्या... पुलिस नही कर पा रही है सूक्ष्म जांच

मर्ग जांच के लिए नही है पुलिस के पास अनुभवी अधिकारी...

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। शहर में व्यापारी वर्ग के तीन युवा एक साल के अन्तराल में जल कर मर गए, (आत्महत्या ऐसा पुलिस का मानना है) पुलिस सभी मामलों में आत्महत्या बताकर मामले की फ़ाइल बन्द कर दे रही है, सवाल यह उठता है, की एक साल के भीतर 3 युवा जो कि व्यवसायी वर्ग (सभ्रांत परिवार)से सम्बन्ध रखते है, अचानक अपने आप को आग क्यों लगाएंगे? तीनों की मौत का पैटर्न एक जैसा ही है।

अंश खण्डेलवाल

अवि खण्डेलवाल

कमल लहरवानी

सभी अपनी टू व्हिलर वाहन से घटना स्थल तक पहुंचते है, और अपने आप को आग के हवाले कर देते है,कहते है जलने के बाद शरीर की जलन से इंसान चिल्लाता है, और काफी दूर तक अपने आप को बचाने के लिए भागता है। बड़ा प्रश्न यह उठता है, की रिहायसी इलाकों में कोई व्यक्ति अपने आप को आग के हवाले कर रहा है, तो किसी ने उसे आग से जलते क्यों नही देखा ?या फिर उनकी चीख पुकार क्यों नहीं सुनी? पुलिस विभाग इतने गम्भीर मामलों की जांच एक हवलदार से करवाते है। जबकि लगातार एक ही पैटर्न से जब युवाओं की मौत हो रही है, तो ऐसे में विभाग एक विशेष टीम बनाकर मामले की गम्भीरता को समझते हुए सूक्ष्म जाँच करवानी चाहिए। शायद पुलिस यह नही समझ पा रही है, की किसी परिवार ने अपना जवान बेटा खोया है। एक ही तरीके से युवाओं की मौत कई प्रकार के सन्देहों हो जन्म देती है, कहीं ये मामले सीरियल किलिंग के तो नहीं?

पशु क्रूरता के पांच आरोपी को घेराबंदी करके दबोचा गए

आयशर में ठोस ठोस कर भरे थे 35 गोवंश सामने रास्ता क्लियर करते चल रही थी कार

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। शहर के सीआईटी बाईपास रोड के पास बीती रात 3:00 बजे पुलिस ने नाकेबंदी करके पांच पशु तस्करों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से एक आयशर में ठोस ठोस कर भरी गई 35 मवेशियों को अपने कब्जे में लिया साथ ही रास्ता क्लियर करते चल रही है। कार को भी अपने कब्जे में लिया। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। सफलता पर नागरिकों ने पुलिस को सरधुवाद देते हुए इसी तरह की और भी मवेशी तस्करों के खिलाफ कार्यवाही करने की अपेक्षा की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व मे थाना कोतवाली पुलिस द्वारा असमाजिक तत्वों सहित मवेशी तस्करों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज 21 सितंबर की रात्रि में मुखबीर से सूचना मिली कि दुर्ग भिलाई रायपुर की ओर से आयशर ट्रक क्रमांक डभ् 40 ब्क. 4753 में अवैध रूप से मवेशी (गौवंश) को भरकर नागपुर (महाराष्ट्र) राज्य ले जा रहे है। उक्त ट्रक के आगे-आगे एक सुजुकी कंपनी की फ्रांग्स कार क्र. डभ् 31 थ. 4438 रास्ता क्लीयर करते हुए आ रहा है। कि सूचना पर तत्काल थाना कोतवाली एवं सायबर सेल का सयुक्त टीम गठित कर बिना देरी किये सीआईटी बायपास के पास पहुंचकर नाकेबंदी किये। जो रात्रि करीबन 03:00 बजे दुर्ग भिलाई की ओर से उक्त ट्रक एवं ट्रक के आगे एक कार आते दिखाई दिया। जिसे घेराबंदी कर पकड़े। ट्रक को चेक करने पर ट्रक के अंदर 09 नग लाल रंग का बछड़ा, 06 नग लाल रंग की गाय, 06 नग सफेद रंग का गाय, 02 नग सफेद रंग का बछिया, 04 नग काले रंग का बछड़ा, 01 नग सफेद रंग का बैल, 04 नग लाल रंग का बछिया, 03 नग सफेद रंग का बछड़ा कुल 35

नग गौवंश (मवेशियो) को ट्रक के अंदर बिना चारा पानी प्रर्याप्त हवा के त्रिपाल से ढंककर ठूस-ठूस कर कुरतापूर्वक भरे थे। ट्रक एवं कार में सवार व्यक्तियों का नाम पता पूछने पर अपना-अपना नाम व पता मोहम्मद शफाकत पिता मोहम्मद शफीक उम्र 43 वर्ष साकिन जूनी खलासी लाईन कामठी नागपुर थाना जूनी कामठी नागपुर (महाराष्ट्र), राकेश सुधाकर सेंगोले पिता सुधाकर सेंगोले उम्र 43 वर्ष साकिन चाक्स कॉलोनी कामठी रोड़ थाना जरी पटका नागपुर (महाराष्ट्र), राजू पाल पिता मदन पाल उम्र 45 वर्ष साकिन यशोधरा नगर लाल झंण्डा चैक हनुमान मंदिर के पास थाना यशोधरा नगर नागपुर (महाराष्ट्र), इंन्द्रजीत डहरिया पिता राम सागर डहरिया उम्र 23 वर्ष साकिन उमदा रोड़ पथर्रा (दादर) थाना भिलाई- 3 जिला दुर्ग, शैलेन्द्र भारती पिता चरण दास भारती उम्र 25 वर्ष साकिन साकिन उमदा रोड़ पथर्रा (दादर) थाना भिलाई- 3 जिला दुर्ग बताये एवं पूछताछ पर कुम्हारी दुर्ग से आयशर ट्रक में लोड गौवंश (मवेशियों) को महाराष्ट्र राज्य ले जाना स्वीकार किये। मवेशियों को ट्रक में परिवहन करने संबंधी कोई वैधानिक दस्तावेज नहीं रखे थे। आरोपियों के विरूद्ध पशु क्रूरता अधिनियम के तहत अपराध सबूत पाये जाने से 35 नग गौवंश (मवेशी) किमती 3.50.000 रूपये, आयशर ट्रक क्रमांक डभ् 40 ब्क. 4753 किमती 18.00000 रूपये, फ्रांग्स कार क्र. डभ् 31 थ. 4438 किमती 9.00000 रूपये एवं 05 नग स्क्रीन टच मोबाईल किमती 50.000 रूपये जुमला किमती 31 लाख रूपये आरोपियों के कब्जे से जप्त कर सभी आरोपियों विधिवत गिरफ्तार कर हिरासत में लिया गया। आरोपियों का कृत्य पशु क्रूरता अधिनियम के तहत होना पाये जाने से अपराध क्रमांक 611/24 धारा 4, 6, 10, 11 छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 पंजीबद्ध कर आरोपियों को न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय पेश किया गया, जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला राजनांदगांव में दाखिल किया गया। आगे भी मवेशी तस्करों के खिलॉफ कार्यवाही जारी रहेगी। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक एमन साहू, उप निरीक्षक संजय बरेठ, बिरेन्द्र सिंह क्षत्रीय, प्र0आर0 संदीप चैहान, जी0 सिरील कुमार, आरक्षक रंजीत चैरसिया, रूपेन्द्र वर्मा, प्रदीप जायसवाल, राम खिलावन सिन्हा तथा सायबर सेल प्रभारी निरीक्षक विनय पम्मार सउनि0 द्वारिका प्रसाद, आरक्षक योगेश राठौड, परिवेश वर्मा एवं थाना स्टॉफ की सराहनीय भूमिका रही।

रसोइया संघ हड़ताल में

डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)। छत्तीसगढ़ मध्यान्ह भोजन रसोईया संध राजनांद ?गांव क्षेत्र के द्वारा प्रदेश स्तरिय एक दिवसीय हड़ ?ताल रायपुर में रखी गई है। राज्य शासन के उदासीनता को देखते हुए रसोइया में भारी रोष व्याप्त बना हुआ है 15 जुन से स्कूल खुलने के बाद अब तक 4 माह हो चुका रसोईयो को मानदेय नहीं मिला है इतने कम रोजी में काम करते हैं। वह भी रोजी नहीं कहलाती 50 रुपये पलेट मिलता है। वह भी चार माह से नहीं मिला है। इस लिए रसोइयों के माली हालत बहुत कठिन हो गया है। अपने बच्चो के लालन चालन भरण पोसन नही कर पा रहे है। यह स्थिति वर्तमान सरकार बीजेपी शासन आने के बाद हो रही है बीजेपी शासन रसोईयों को मोदी ने 50त्न देने का वादा किया था वह भी सिर्फ वादा ही रह गया यह योजना कहती सिर्फ कहते का चार माह मोदीजी महत्वकांक्षी कि बात है यहाँ तो रसोईचो ज़ से मानदेय नहीं मिला है। रसोईया मजबुरी में 22 सितंबर से हड़ताल में जा रहे है राज्य शासन द्वारा इसोइया की मांग पूरा नहीं हुआ तो शीघ्र ही बड़े स्तर में आंदोलन करेंगे रविवार को जिलाधीश और राज्य शासन को एक ज्ञापन सौंप कर मध्यान भोजन रसोइया संघ के अध्यक्ष राजेश यादव ने समस्त रसोइया संघ के द्वारा अनिश्चित कालीन हड़ताल करने की चेतावनी दी है।

रोपवे बंद होने की सूचना

मरम्म कार्य के चलते 24 सितम्बर 2024 से 27 सितम्बर तक बंद

डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)। श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति, डोंगरगढ़ द्वारा 03 अक्टूबर 2024 से 12 अक्टूबर 2024 तक क्वांर

नवरात्रि पर्व मनाया जावेगा, जिसमें लाखों की संख्या में दर्शनार्थिगण का माता जी के दर्शनार्थ डोंगरगढ़ आगमन होगा, जिसे ध्यान में रखते हुये रोप-वे का मरम्मत कार्य द 24 सितम्बर 2024 से 27 सितम्बर 2024 तक किया जावेगा, जिससे रोप-वे का संचालन बंद रहेगा । मरम्मत कार्य पूर्ण होने के पश्चात रोप-वे का संचालन पूर्ववत प्रारंभ होगा । उपरोक्त जानकारी ट्रस्ट समिति के मंत्री महेन्द्र परिहार ने प्रेस विज्ञप्ति में दी।

स्वास्थ्य कार्यक्रमों का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन सुनिश्चित करें - कलेक्टर

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने आज राजनांदगांव विकासखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सोमनी में सभी मैदानी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर नागरिकों को मिल रहे स्वास्थ्य सुविधाओं की समीक्षा की। कलेक्टर ने सभी राष्ट्रीय कार्यक्रमों के लक्ष्य अनुरूप प्रगति नहीं आने वाले स्वास्थ्य केन्द्रों के कर्मचारियों को कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने संस्थागत प्रसव, गर्भवती पंजीयन, टीकाकरण, गैर संचारी रोग कार्यक्रमों, चिरायु, पोषण पुनर्वास केन्द्र, कुष्ठ, रक्त अल्पता, सिकलसेल स्क्रीनिंग, आयुष्मान कार्ड एवं अन्य सभी कार्यक्रमों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा चलाए जा रहे स्वास्थ्य कार्यक्रमों के प्रति आमजनों में जागरूकता होनी चाहिए, इसके लिए बेहतर से बेहतर कार्ययोजना बनाकर कार्य करें। स्वास्थ्य केन्द्रों में समय पर चिकित्सक, सहयोगी स्टाफ तथा मैदानी अमले की उपस्थिति रहे। स्वास्थ्य केन्द्रों की साफ-सफाई नियमित रूप से होना चाहिए। इसका विशेष ध्यान देने के निर्देश सभी डॉक्टर, ग्रामीण चिकित्सा सहायक, पर्यवेक्षक, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक को दिए गए। नियमित रूप से स्वास्थ्य कार्यक्रमों की पोर्टल में एंट्री भी सुनिश्चित करें। जिससे दी गई सेवाओं का ऑनलाइन प्रदर्शन हो सके। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने सेक्टर बैठकों में सभी अमले के द्वारा किए जा रहे कार्यों की नियमित समीक्षा करने तथा आगामी एक माह में सभी कार्यक्रमों में प्रगति परिलक्षित नहीं होने पर सर्व संबंधितों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

निधन

रमेश बोहरे

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। स्थानीय दैनिक सबेरा संकेत में कार्यरत रमेश कुमार बोहरे का आज प्रात: 10.30 बजे हार्ट अटैक से निधन हो गया । वे लगभग 60 वर्ष के थे । स्व. बोहरे अपने पीछे पत्नी, एक पुत्र प्रशांत बोहरे और एक विवाहित पुत्री का भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं । उनका अंतिम संस्कार कल 23 सितंबर को प्रात: 10:00 बजे शंकरपुर मुक्तिधाम में किया जाएगा । अंतिम यात्रा उनके निज निवास शांति नगर वार्ड नंबर 10, गली नंबर एक से निकलेगी । श्री बोहरे के निधन पर सबेरा परिवार ने शोक व्यक्त किया है ।

डीजे का शोर कोतवाली पुलिस ने फिर दो को पकड़ा

डीजे के खिलाफ लगातार कार्यवाही

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। सिटी कोतवाली पुलिस ने डीजे साउंड सिस्टम निर्धारित से ज्यादा ऊंची आवाज में बाजाए जाने पर फिर दो आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए उनके सामान जप्त किए हैं। कोतवाली थाना प्रभारी एमन साहू ने बताया कि आगे भी इस तरह की कार्यवाही की जाती रहेगी और उल्लेखनीय है कि टीआई श्री साहू के नेतृत्व में पहले भी इस तरह की कार्यवाही गणेश उत्सव के दौरान की जा चुकी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक श्री एमन साहू के नेतृत्व में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा आसामाजिक तत्वों और अवैध शराब बिक्री एवं डीजे साउंड सिस्टम के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है द्य इसी क्रम में आज 21 सितंबर 2024 को मुखबीर से सूचना मिली कि कमल विश्वकर्मा नामक व्यक्ति सीआई टी चौक कन्हारपुरी के पास अवैध रूप से शराब बिक्री कर रहा है कि सूचना पर

मौका पहुंच कर रेड कार्रवाई कर आरोपी कमल विश्वकर्मा पिता स्वर्गीय तुलसीदास विश्वकर्मा उम्र 51वर्ष साकिन सी आई टी चौक कन्हारपुरी थाना कोतवाली को घेराबंदी कर पकड़े जिसके कब्जे से 18 पौवा देशी प्लेन शराब 3.260 बल्क लीटर कीमती 1620 रुपया एवं बिक्री रकम 360 रुपए जुमला कीमती 1980 रुपए जप्त कर धारा 34-1 आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गईद्य इसी के तरह 21 सितंबर 2024 को रात्रि में बिल्डिंग ठेकेदार संघ द्वारा विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर लोक गायक पंडित विवेक शर्मा रायपुर का स्टेट स्कूल मैदान में संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमें साहू साउंड सिस्टम अमलेश्वर के संचालक महेंद्र सिंह साहू पिता हेमलाल साहू उम्र 39 वर्ष साकिन थाना अभनपुर जिला रायपुर द्वारा रात्रि 22/55 बजे बिना अनुमति के समय सीमा से बाहर तीव्र आवाज में साउंड सिस्टम को बजाया जाना पाए जाने से आरोपी के कब्जे से छोटा बड़ा चार नग साउंड सिस्टम एवं एमप्लीफायर को जप्त कर धारा 4.15 कोलाहल अधिनियम के तहत कार्यवाही की गईद्य आगे भी असमाजिक तत्वों अवैध शराब बिक्री वह डीजे साउंड सिस्टम के खिलाफ लगातार कार्यवाही जारी रहेगी। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक एमन साहू, उपनिरीक्षक धनीराम नारंगे. सहायक उप निरीक्षक ईसराफिल खान. प्रश आरश चंद्रेश सिंन्हा. आरक्षक प्रख्यात जैन. प्रदीप जायसवाल. किशन चंद्रा, लिलेन्द्र पटेल एवं थाना स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

कम्प्यूटर विभाग में परिषद गठन संपन्न

डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डोंगरगढ़ के कम्प्यूटर विभाग में दिनांक 19 सितम्बर को महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ई.व्ही. रेवती के दिशा-निर्देशन एवं कम्प्यूटर विभाग की तूलिका चक्रवर्ती के मागदर्षन में सत्र 2024-25 हेतु परिषद गठन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रीमति ई. व्ही. रेवती एवं विषिश्ट अतिथि के रूप में वाणिज्य विभाग से सहा.प्राध्या. बेदप्रकाश साहू एवं कंप्यूटर विभाग के शिक्षक मनीष भास्कर उपस्थित रहे । कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के तैलचित्र के समक्ष अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलन कर किया गया। पश्चात मुख्य अतिथि और विशेष अतिथियों का स्वागत पौधा भेंटकर किया गया। परिशद में पीजीडीसीए विभाग के 9 छात्र-छात्राओं को परिषद के पदाधिकारियों के रूप में मनोनीत किया गया जिसमें अध्यक्ष के रूप में डुमेष्वर सिन्हा, उपाध्यक्ष श्वेतराज, सचिव नंदनी रजक, सहसचिव वर्षा पटेल, कोषाध्यक्ष रितु पटेल एवं झगेंद्र, मीडिया प्रभारी टाकेश्वर साहू, भोजराम चंद्रवंशी और भूपेंद्र कंवर को मनोनीत किया गया। सभी मनोनीत पदाधिकारियों को प्राचार्य के द्वारा परिषद का पद बैच लगाकर और प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. रेवती ने कहा कि परिषद गठन का उद्देश्य विद्यार्थियों को विभाग के कार्यों के प्रति सहभागिता को बढ़ाना है ताकि वे सभी कार्यों के प्रति जिम्मेदार हो सके । विभाग के विद्यार्थी ही महाविद्यालय में अपने विभाग का प्रतिनिधित्व करते है । सहा प्राध्या. बेदप्रकाष साहू ने एक महत्वपूर्ण वाक्य कहते हुए कहा कि ज्ञान कभी भी कम नहीं होता वो दिन और स्थान के अनुसार हमेशा बढ़ता ही रहता है । कार्यक्रम के अंतिम पड़ाव में विगत वर्ष कंप्यूटर विभाग के उत्तीर्ण विद्यार्थियों में से प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले पीजीडीसीए, डीसीए एवं बी.एस.सी के विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया और सभी ने मिलकर पौधारोपण किया। कार्यक्रम का संचालन कम्प्यूटर विभाग से तूलिका चक्रवर्ती ने किया।

प्रधान पाठक के जन्म दिन पर न्योता भोज व क्विज प्रतियोगिता सम्पन्न

डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)। शासकीय प्राथमिक शाला बरारमुंडी प्रधान पाठक देबीलाल साहू के जन्म दिन पर संकुल स्तरीय क्विज प्रतियोगिता व न्योता भोज का आयोजन किया गया है कार्यक्रम की सुभारंभ मॉ सरस्वती की पूजा अर्चना व सरस्वती वंदना के साथ अतिथि का मंगल तिलक लगाकर किया गया। पश्चात शाला के प्रधानपाठक देवी लाल साहू के जन्म दिन के अवसर पर कार्यक्रम मे क्विज प्रतियोगिता और न्यौता भोज कराया गया इनके अलावा , स्वच्छता पर्व, बच्चों में नई नई सोच व मुलभुत साक्षरता व संख्या ज्ञान के बल पर आगे बढ़ने के प्रेरित किया , जिसमें संकुल दाऊटोला डुमरघुचा , झीटूटोला बरारमुंडी के बच्चों ने बड़ी संख्या में शामिल हुए प्रतियोगिता शाला के प्रधान पाठक देवी लाल साहू और नीलकंठ साहू दाऊटोला के शिक्षक के द्वारा सभी प्रतिभागी बच्चों की प्रथम से संतावना पुरुस्कार दिया गया । कार्यक्रम में सभी शिक्षक , पालक जनभागीदारी के सदस्यो, एवम प्रतिभागी बच्चे, एक साथ मिलकर न्योता भोज में खीर ,पुडी, फ्ल तथा दाल पापड़ चांवल , आलू छोले सब्जी खिलाया गया न्यौता भोज और किविज प्रतियोगिता कार्यक्रम में अध्यक्ष फुलंदर साहू ,संतोष मरकाम, विक्रममंडावी, हेमनाथमंडावी, राज कुमार कचलामे, भजननिषाद, दुलेशकुमार, सोहित गजभिये,व शाला के सभी सदस्य संकुल समन्वयक नागेश साहू ,गोविंद नारायण तारम, नीलकंठ साहू, प्रीतमसाहू, रामरतन साहू ,भुवनसाहू, प्रेमदास साहू उपस्थित थे।

एसबीआई ने शिक्षकों का सम्मान किया

फेडरेशन और एसबीआई के संयुक्त आयोजन में 150 से अधिक शिक्षकों की उपस्थिति रही

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। स्थानीय भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य शाखा और छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के संयुक्त तत्वावधान में सिमरन हाटल में जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस गरिमामयी आयोजन के मुख्य अतिथि सतीश ब्यौहारे जिला मिशन समन्वयक, समग्र शिक्षा राजनांदगांव थे एवं अध्यक्षता चितरंजन कुमार पर्वत राष्ट्रीय महासचिव,अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्थान संगठन ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में खुलेश वर्मा, प्रदेशाध्यक्ष, अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्थान संगठन,पी. आर. झाड़े,जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा राजनांदगांव, सुरेश सहारे, अधीक्षण अभियन्ता महानदी परियोजना मंडल रायपुर,प्रशांत चित्वरकर बीईओ छुरिया, क्षितिज सोरी, सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी डोंगरगांव की उपस्थिति रही। शिक्षिका मीनाक्षी हेमने एवं साथियों ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया।अतिथियों का स्वागत वरूण कुमार शुक्ला, मुख्य प्रबंधक, मुख्य शाखा, भारतीय स्टेट बैंक राजनांदगांव, रमेश कुमार साहू जिलाध्यक्ष छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन जिला ईकाई राजनांदगांव, विजय फुटाने उपप्रबंधक एसबीआई, संजय कुमार खोबरागड़े डोंगरगढ़,ओमप्रकाश साहू जिला संयोजक फेडरेशन, ललित प्रताप सिंह जिला संयोजक,मिलन साहू प्रांतीय पदाधिकारी, मंजू देवांगन प्रांतीय पदाधिकारी, कीरत गणवीर ब्लॉक अध्यक्ष छुरिया,हीरा लाल मौर्य ब्लाक अध्यक्ष डोंगरगढ, रोशन लाल साहू ब्लॉक अध्यक्ष राजनंदगांव, प्यारेलाल लाल साहू ब्लाक अध्यक्ष डोंगरगांव, अमिताभ दुफारे जिला मीडिया प्रभारी,बंदीश नेम पांडे जिला उपाध्यक्ष, लोमस कुमार वर्मा, तिलेश्वर वर्मा,श्वेता श्रीवास्तव महिला मोर्चा जिला संयोजक,लक्ष्मी देवांगन महिला मोर्चा ब्लाक अध्यक्ष डोंगरगढ, प्रीतिबाला लाटिया,भरत लाल साहू, चेतन प्रसाद दुबे ,रीना जगनीत महिला मोर्चा ब्लाक उपाध्यक्ष, देवेन्द्र कुमार खोब्रागड़े एवं अन्य शिक्षकों ने किया। कार्यक्रम में सेवा निवृत्त शिक्षकों शिव कुमार गढ़पायले,मोहन वर्मा,प्रेम लाल वर्मा को शाल, श्रीफल एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही राजनांदगांव, डोंगरगढ़, डोंगरगांव और छुरिया ब्लाक के 150 से अधिक शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र एवं पेन भेंट कर शिक्षक रत्न के रूप में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक लोमेन्द्र कुमार वर्मा,ओमप्रकाश साहू जिला संयोजक छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन एवं रोशन लाल साहू ब्लाक अध्यक्ष राजनांदगांव एवं आभार व्यक्त विजय फुटाने ने किया। इस अवसर पर रमेश कुमार साहू जिलाध्यक्ष फेडरेशन, मीनाक्षी साहू, वर्ष वार के, भोज टंडन, जितेंद्र हिरवानी, जितेंद्र देवांगन, लेख दास साहू, हीरालाल सबर, तुलेश्वर साहू, तिलेश्वर वर्मा,विद्याभूषण सोनकर, लाइनेश्वरी वैष्णव, सहित बड़ी संख्या में शिक्षकगण एवं भारतीय स्टेट बैंक के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

सप्ताह के सितारे (23 सितम्बर 2024)

दैनिक शुभ राशि

सोम	1- 2 - 5 - 6	15-51-16-61-56-65
मंगल	1- 3 - 4 - 8	13-31-14-41-34-43
बुध	3 - 4 - 7 - 0	47-74-40-04-30-03
गुरू	2- 5 - 6 - 0	60-06-10-01-50-05
शुक्र	3 - 4 - 5 - 6	35-53-36-63-45-54
शनि	2 - 4 - 6- 8	46-64-48-84-39-93

अंकों का बादशाह -3 सप्ताह में अचूक 2 - 7 - 8 - 9

सप्ताह का वरदान -0 स्पेशल - 85- 76 -80 -95

सप्ताह में देखे

(1) 12 - 17 - 18 - 19	(6) 62 - 67 - 68- 69
(2) 22 - 27 - 28 - 29	(7) 72 - 77 - 78 - 79
(3) 32 - 37 - 38 - 39	(8) 82 - 87 - 88 - 89
(4) 42 - 47 - 48 - 49	(9) 92 - 97 - 98 - 99
(5) 52 - 57 - 58 - 59	(10) 02 - 07 - 08 - 09

बीते पांच सप्ताह के रिकार्ड

(कल्याण)	(नाइट बाजार)
04-45-24-16-89-28	06-71-06-01-39
28-25-16-12-20-65	82-53-80-33-75
46-85-90-72-72-93	05-98-77-68-42
69-76-12-45-30-14	83-84-07-48-04
08-85-87-40-13-14	80-41-46-67-08

चेतावनी- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक का कोई जवाबदारी नहीं होगी।

संपादक

nandgaon times sep--23-02.qxd 9/22/2024 10:34 PM Page 3

ज्ञान मंथन

1) पुलिस द्वारा नशे में गाड़ी चलाने वाले की सांस की जांच के लिए फिल्टर पेपर होता है-

2) दिल्ली सल्तनत काल का हदीस क्या है?

3) हाल ही में नदी उत्सव के कौन से संस्करण का उद्घाटन किया गया है?

4) विश्व एथलेटिक्स में स्वर्ण पदक जीतने वाली प्रथम भारतीय एथलीट कौन थी?

5) हाल ही में मिस इंडिया वर्ल्डवाइड 2024 खिताब किसने जीता?

RamaQuiz (Pappu Ganesh)

उत्तर माला

(1) पोटेशियम डाइक्रोमेट सल्फ्यूरिक अम्ल (2) इस्लामिक कानून (3) पांचवीं (4) सीमा अंतिल (5) ध्रुवी पटेल

पितर पाख

भादो महीना के होत बिदई,
कुंवार महीना समाय
अपन पुरखा ला सुरता करत,
पितर पाख ला मनाए
घर डेहरी अंगना के संहुअत,
पीढ़ा लोटा ला मड़ाए
जल भरे लोटा मा दातुन रख,
कुम्हड़ा फूल चघाए
बरबट्टी तोरइ अउ डोरका हर,
नेंग जोग मा समाए
बरा सोहरी उरीद खीर भात,
पुरखा ला चघाय
छानी मा जेवन ला फेंक के,
कउवा ला दे बलाय
घर के कुसल मंगल खातिर,
अरजी बिनती लगाए
वंश परंपरा के रीत- नीत ला,
पीढ़ी ले पीढ़ी पहुंचाए।

मदन मंडावी
ढारा, डोंगरगढ़,
राजनांदगांव
मो - 76933917210

पीड़ित और बेगुनाहों को न्याय मिलेगा और दोषियों पर सख्त कार्यवाही की जाएगी : उपमुख्यमंत्री

कवर्धा। प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर प्रदेश के दो उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव, श्री विजय शर्मा, राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा , पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा सहित साहू समाज के वरिष्ठजन कबीरधाम जिले के ग्राम लोहारीडीह पहुचे। उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने लोहारीडीह निवासी मृतक श्री प्रशांत साहू के घर पहुँच कर उनके माता जी भेंट की, तथा घटना पर राज्य सरकार की तरफ से अपनी गहरी संवेदना तथा दुःख प्रगट किया। उन्होंने मृतक प्रशांत साहू की माता जी को दस लाख रुपए का चेक प्रदान किया। वही उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा के निर्देश पर प्रशासन द्वारा लोहारिडीह में ग्रामीणों के घरों में सुखा राशन समाग्री,दाल, तेल, आलू ,सोयाबीन बड़ी सहित अन्य आवश्यक खाद्य सामग्री का पैकेट का वितरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गांव में स्थिति सामान्य होते तक ग्रामीणों विशेष ध्यान देने की जरूरत है। उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने लोहारीडीह में ग्रामीणों से घटनाक्रम के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि आज हम सब यहां मुख्यमंत्री के निर्देश पर ग्राम लोहारीडीह पहुँचे है। उन्होंने बताया कि हम सबने ग्रामीण तथा सामाजिक वरिष्ठजनों के साथ लोहारिडीह पहुँच कर मृतक श्री शिव प्रसाद साहू, श्री रघुनाथ साहू तथा प्रशांत साहू के घर पहुँच कर उनके परिवार के सदस्यों, आसपास के उनके पड़ोसियों से भेंट की। घटना पर गहरी दुःख प्रगट किया गया। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के द्वारा भी लोहारीडीह घटना पर अपनी गहरी संवेदना तथा दुःख प्रकट की गई हैं। घटना की हर पहलुओ की बारीकी, सूक्ष्मता तथा पूरी संवेदनशीलता के साथ जांच के निर्देश दिए गए है। आज हम सबने मृतक श्री रघुनाथ साहू के घर पहुच कर आगजनी से उनके जले घर और मुयायना किया गया। यह बहुत दुखद घटना है। मृतक श्री शिव प्रसाद के बच्चों और परिवार के अन्य लोगो से भेंट कर हालचाल जाना। श्री प्रशांत साहू के घर पहुँचकर उनके माता जी आत्मीयता से भेंट की। उनके दुख-दर्द को सुना। उपमुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय सरकार संवेदनशील सरकार है। लोहारीडीह घटना की हर पहलुओ की जांच करने के लिए सरकार पूरी तहत से प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि पीड़ित पक्ष, व्यक्ति, परिवार और निर्दोषों को न्याय मिलेगा और दोषियों की बख्शा नहीं जाएगा। विधिसम्मत दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा लोहारीडीह घटना पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के निर्देशो पर तत्परता से कार्यवाही की गई है, वह एक उदाहरण होगा। यह कार्यवाही अब छत्तीसगढ़ के इतिहास में की गई सबसे बड़ी कार्यवाही है। यह कार्यवाही एक संवेदनशील सरकार को प्रदर्शित करता है। उन्होंने कहा कि हम सबने यहां घटना क्रम की हर बिंदुओं तथा पहलुओ पर ग्रामीणों से सकरात्मक माहौल में जानकारी तथा आवश्यक चर्चा की है। इसकी पूरी जानकारी मुख्यमंत्री जी को अवगत कराएंगे। इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति प्रदेश में कही और ना हो इसके लिए मुख्यमंत्री द्वारा जिले के सभी सभी कलेक्टर,एसपी को निर्देशित किया गया है। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री तथा गृहमंत्री तथा क्षेत्रीय विधायक श्री श्री विजय शर्मा ने भी लोहारीडीह पहुँचकर पीड़ित परिवार तथा ग्रामीणों मुलाकात की। उन्होंने कहा गांव में आने से पहले मैंने दुर्ग जिला जेल पहुँच कर इस प्रकरण में दुर्ग जेल में रखे गांव की माताओं-बहनों से मुलाकात की। माताओं-बहनों को किसी भी प्रकार

की आवश्यक परेशानी ना हो इसके लिए निर्देशित किया गया है। इसके बाद कवर्धा जिला जेल पहुच के पुरुष ग्रामीणों से भेंट कर घटना क्रम की जानकारी ली। उनके स्वास्थ्य के बारे में पूरी जानकारी ली। संदेही के आधार पर जेल में रखे सभी ग्रामीणों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराने के लिए प्रशासन को निर्देशित किया गया है। उन्होंने कहा कि लोहारीडीह की घटना अत्यंत दुःखद है। पीड़ित परिवार के साथ मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की सरकार संवेदनशीलता के साथ खड़ी है। मैं भी इस क्षेत्र के विधायक के रूप में पीड़ित परिवार के साथ एक अभिभावक के रूप में सदैव साथ रहूंगा। उनके हर दुख-खुशी में साथ हु। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री श्री साय ने लोहारीडीह घटना क्रम की पूरी निष्पक्षता से जांच के निर्देश दिए है। पीड़ित तथा निर्दोषों के साथ न्याय होगा तथा जांच के बाद दोषियों पर कानून तथा विधिनुसार कार्यवाही की जाएगी। उपमुख्यमंत्री को इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि घटना के बाद कुछ घरों से ताले टूटे है तथा किसी-किसी की मोटर साइकिल की गायब होने की सूचना है। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने ग्रामीणों से मिली शिकायतों को बेहद गंभीरता से लिया है तथा ग्रामीणों से मिली शिकायतों की गंभीरता से जांच के निर्देश दिए।

कवर्धा। प्रदेश में उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा आज साजा विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री ईश्वर साहू के पैतृक गृह ग्राम बिरनपुर में आयोजित पितृ मिलन समारोह में शामिल हुए।

हेमिन बाई को मिला प्रधानमंत्री आवास योजना से स्वाभिमान से जीने का आधार

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। समाज एवं परिवेश में परिवर्तन जैसे जीवन में परिवर्तन का आगाज। ऐसी एक बदलाव, जागरूकता, सशक्तिकरण, सुरक्षा एवं स्वाभिमान की मिसाल प्रधानमंत्री आवास योजना है, जिसने सफलता की नई ईबारत लिखी है। प्रधानमंत्री आवास योजना गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों के आवास के सपने को पूरा करने की एक उम्मीद है। प्रधानमंत्री आवास योजना से न केवल महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक मजबूत कदम है, बल्कि महिलाओं को स्वाभिमान से जीने के लिए एक आधार दे रही है। इसकी ऐसी ही बानगी राजनांदगांव जिले में दिखाई दी। कौरिनभाठा वार्ड नंबर 45 की निवासी श्रीमती हेमिन बाई को प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी के तहत पक्का

आवास प्राप्त हुआ है। श्रीमती हेमिन बाई ने बताया कि उनके पति की मृत्यु के बाद उनकी जिम्मेदारी बढ़ गई और बच्चों को पढ़ाने-लिखाने की जिम्मेदारी भी है। पहले कच्चे घर में बहुत दिक्कत होती थी। खपरा लगाने एवं मरम्मत में भी व्यय होता था और बारिश में पानी टपकने से भी परेशानी होती थी। बारिश के दिन में इस कारण बच्चों का स्वास्थ्य खराब रहता था और पढ़ाई-लिखाई पर भी असर पड़ता था। यह पक्का मकान उनके लिए बहुत मायने रखता है। अब जब से पक्का मकान बना है, तो बहुत सुविधा और राहत मिल गई है और हम लोग खुशी के माहौल में सुरक्षित अपने घर में रह रहे है। उन्होंने आवास मिलने पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को शुक्रिया कहा।

शून्य से शिखर तक गायत्री विद्यापीठ

जिले की शान गायत्री विद्यापीठ

शिक्षा के बिना मानव जीवन अधुरा सा प्रतीत होता है, शिक्षा मनुष्य जीवन को परिष्कृत कर उसमें निखार लाने का एक सशक्त माध्यम है। उचित शिक्षा व संस्कार से ही मनुष्य एक श्रेष्ठ नागरिक बनकर अपने परिवार, समाज व राष्ट्र की सेवा कर सकता है, इसी कड़ी में एक सच्चे सेवक व मार्गदर्शक के रूप में अग्रिम पंक्ति में हिम शिखर की तरह शोभायमान है गायत्री विद्यापीठ जो लगभग 42 वर्षों से शिक्षा, सेवा व संस्कार के क्षेत्र में अनुकरणीय उदाहरण पेश करता है। इस विद्यालय की नींव 15 अगस्त 1982 को गायत्री शिशु मॉदिर के रूप में गायत्री परिवार ट्रस्ट द्वारा रखी गई जहाँ आज गायत्री शिक्षण समिति के अथक परिश्रम व सेवाभाव के बल पर इस विद्यालय की चार शाखाएं नित नई ऊँचाइयों की बुलन्दियों को छू रही है जिसमें गायत्री विद्यापीठ सीबीएसई बोर्ड इंग्लिश मीडियम, गायत्री विद्यापीठ सीजी बोर्ड, गायत्री विद्या मंदिर हिन्दी माध्यम एवं वर्तमान में चौथी शाखा के रूप में गायत्री गुरुकूल शामिल है। जहाँ जिले के बच्चे बहुत ही कम शुल्क में विद्या अध्ययन के साथ-साथ सम्पूर्ण व्यक्तित्व विकास संबंधी ज्ञान अर्जित कर रहे हैं। यह कहने में कोई अतिश्योक्ति नहीं कि यह विद्यालय छत्तीसगढ़ प्रदेश के लिए गौरव की बात है. इस विद्यालय को शिक्षा के क्षेत्र में योगदान हेतु नई शिक्षा नीति (हश्चक्र) द्वारा विद्यालय को पायलेट प्रोजेक्ट हेतु चुना गया जो प्रदेश का पहला विद्यालय रहा। बुलन्द हौसले और नेक इरादों की मिसाल गायत्री विद्यापीठ में अध्ययनरत् हर वो विद्यार्थी मातृभूमि की माटी से जुड़कर एक श्रेष्ठ नागरिक बनकर मानवता के पथ पर अग्रसर हो सकें इसी भावना को फलीभूत करने में यहाँ के शिक्षकवृंद भी अपनी सेवाएँ दे रहे हैं जो अनुभवी उच्च शिक्षा डिग्रीधारी व कुशल है। समय की माँग के अनुरूप ही जिले के नव-निहालों हेतु स्थापित गायत्री गुरुकूल की भी विशेष पहचान बन चुकी है जहाँ बच्चों को शैक्षणिक सत्र 2024-25 से गुरूकूल पद्धति अनुरूप शिक्षा प्रदान की जाएगी जहाँ प्री नर्सरी से केजी-टू तक शिक्षा संचालित होगी, यहाँ शिक्षण पद्धति वैज्ञानिक पद्धति पर आधारित होगा जहाँ बच्चों को सीखने की पद्धति पर जोर देते हुए खेल-खेल में शिक्षा, बच्चों का मनोवैज्ञानिक विकास, नैतिक मूल्यों का विकास, धर्म एवं अध्यात्म दर्शन जैसे मूलभूत तत्वों को शामिल किया गया है जो मुख्यत: भारत की वैदिक परम्परा को भी परिलक्षित करता है। संस्कार युक्त शिक्षा के लिए प्रसिद्ध गुरुकूल में भी ऐसे विद्यार्थी तैयार होंगे जो प्रत्येक माता-पिता के सपनों को फलीभूत करेंगे। गायत्री शिक्षण समिति का यह सराहनीय प्रयास जिले के अन्य संस्थानों के लिए भी अनुकरणीय होगा।

श्रीमती उषा झा, व्याख्याता, गायत्री विद्यापीठ, राजनांदगांव

इको ब्रिक्स बनाने की बच्चों की अनोखी तरकीब पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कारगर

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। इको ब्रिक्स बनाने की बच्चों की अनोखी तरकीब पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कारगर सिद्ध हो रही है।

स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत जिले के सभी स्कूलों के बच्चे इको ब्रिक्स या कहें बॉटल ब्रिक्स बना रहे हैं। जिसमें पानी बॉटल, कोल्ड ड्रिंक की प्लास्टिक बॉटल में डिझी, पन्नी, मिक्चर एवं बिस्कुट के रैपर को बोटल में भर देते हैं। यह एक अच्छी अवधारण है, जिसमें आस-पास के प्लास्टिक डिझी एक ही जगह पर एकत्रित हो जाता है। जिससे पर्यावरण संरक्षित होता है और इन इको ब्रिक्स का उपयोग क्यारी बनाने के लिए किया जाता है। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन तथा जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह के निर्देशन में स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के लिए लगातार विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता एवं व पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ रही है। जिला पंचायत की टीम एवं सभी विभागों तथा सामुदायिक सहभागिता से स्वच्छता के लिए बेहतरीन कार्य किए जा रहे हैं। स्कूली बच्चों द्वारा बनाए गए इन इको ब्रिक्स का उपयोग ग्राम बघेरा में क्यारी बनाने के लिए किया जा रहा है। इसी तरह सभी जिलों में इन इको ब्रिक्स को उपयोग किया जायेगा। बॉटल ब्रिक्स बनाने में जिले के बच्चों ने विशेष अपनी रचनात्मक प्रतिभा दिखाई हैं।

धर्म समाचार....

वास्तु के अनुसार घर में लगाएं ये तस्वीरें, जीवन में आएंगे अच्छे बदलाव

वास्तु शास्त्र को हिंदू धर्म में काफी महत्व दिया जाता है। ऐसे में यदि आप अपने जीवन में वास्तु शास्त्र के अनुसार कुछ छोटे-छोटे बदलाव लाते हैं तो इससे निश्चित रूप से आपको अच्छे परिणाम देखने को मिल सकते हैं। आज हम आपको बताने जा रहे हैं कि घर में कौन-सी तस्वीर कहां लगानी चाहिए ताकि परिवार में खुशनुमा माहौल बना रहे।

दैनिक जीवन में वास्तु शास्त्र के सिद्धांतों का ध्यान रखने से काफी सकारात्मक परिणाम देखने को मिल सकते हैं। लोग अपने घरों में तरह-तरह की तस्वीर लगाना पसंद करते हैं। साथ ही यह घर की खूबसूरती को भी बढ़ा देती हैं। ऐसे में यदि आप तस्वीरों का चयन करते समय वास्तु के नियमों का ध्यान रखते हैं, तो इससे आपको काफी लाभ देखने को मिल सकता है। वास्तु शास्त्र की मान्यताओं के अनुसार, घर में साथ दौड़ते हुए घोड़ों की तस्वीर लगाना अत्यंत शुभ माना जाता है। इससे

करियर में उन्नति देखने को मिल सकती है। लेकिन इसका लाभ आपको तभी मिल सकता है, जब आप दिशा का भी ध्यान रखें। इसलिए इस तस्वीर को घर की दक्षिण दिशा में लगाना चाहिए। घर में बुद्ध की तस्वीर लगाने से सुख-शांति का माहौल बना रहता है। इसके लिए आपको इसे घर की पूर्व या फिर उत्तर-पूर्व दिशा में लगाना चाहिए। वहीं अगर आप घर की दक्षिण दिशा में मोर की तस्वीर लगाते हैं, तो इससे आपके भाग्य में वृद्धि हो सकती है। इसी के साथ घर में कमल की तस्वीर को उत्तर-पूर्व दिशा में लगाने से भी आपको लाभ देखने को मिल सकता है। घर में प्राकृतिक दृश्य जैसे पहाड़, झरने आदि की तस्वीर लगाना भी बहुत ही अच्छा माना जाता है। पहाड़ों की तस्वीर लगाने से जीवन में स्थिरता बनी रहती है। वास्तु के अनुसार, इसे घर की दक्षिण-पश्चिम में लगाना बेहतर माना जाता है। वहीं झरने की तस्वीर को घर की पूर्व दिशा में लगाना चाहिए। इससे धन के आगमन के रास्ते खुलते हैं।

भक्त ने अनाथ लड़की को गोद लेने की इच्छा जताई, तो प्रेमानंद महाराज नहीं दे पाए उत्तर

एक भक्त ने प्रेमानंद महाराज के सामने इच्छा व्यक्त की और उनकी अनुमति भी लेना चाही कि वह अनाथ कन्या को गोद लेना चाहता है। इस पर प्रेमानंद महाराज ने जो जवाब दिया है, वह सोशल मीडिया पर वायरल है। धर्म गुरु के रूप में कई भक्त अपने अलग-अलग तरह के सवाल लेकर प्रेमानंद महाराज के पास वृंदावन आते हैं। ऐसे ही एक भक्त ने पूछा कि उसकी शादी काफी पहले हो चुकी है और कोई संतान नहीं है, तो क्या वह किसी अनाथ कन्या को गोद ले सकता है? यूं तो प्रेमानंद महाराज अपने पास आने वाले हर भक्त के मन में उठ रहे प्रश्न का उत्तर देकर उसे मार्ग दिखाते हैं, लेकिन इस भक्त से महाराज ने कहा कि वे उत्तर देने की स्थिति में नहीं हैं। प्रेमानंद महाराज ने भक्त से कहा कि इस तरह की बातें और फैसले लोकमत से जुड़े हैं। हमारे लोकमत से कोई संबंध नहीं है। हम सिर्फ अध्यात्म की बातें करते हैं। इसलिए इसका उत्तर हम नहीं दे पाएंगे। उन्होंने आगे कहा- हम कह दें कि आप गोद ले लो, लेकिन आगे चलकर उस कन्या का क्या स्वरूप आवे, आपका क्या स्वभाव बने, कन्या का स्वभाव और आचरण कैसा निकलेगा, यह कैसे कह सकते हैं। प्रेमानंद महाराज के अनुसार, हमारे कहने पर लड़की गोद ले लेंगे और उसके लक्षण सही नहीं निकले, तो हम तो क्लेश में फंस जाएंगे। इनकार करने पर भी आप कहेंगे कि महाराज ने एक नेक काम होने से रोक दिया।

nandgaon times sep--23-02.qxd 9/22/2024 10:35 PM Page 4

- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, ग्रो बॉल, शॉफ्ट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बेग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बेग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बैट, टी-टी बैट, ट्रैक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

भाजपा का सदस्यता अभियान चरम पर

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। जिला भारतीय जनता पार्टी का सदस्यता अभियान इन दिनों पूरे जिले में उफान पर है। पार्टी के जिला से लेकर मंडल, शक्ति केन्द्र व बूथ स्तर के कार्यकर्ता सदस्यता अभियान के मिले लक्ष्य को लेकर जमीनी स्तर पर पूरी ताकत के साथ उतर चुके है। इस अभियान की खास बात यह है कि पार्टी की मेंबरशिप के लिये डिजिटल माध्यम से ऑनलाईन सदस्यता ली जा रही है, वही सदस्यता रिकॉर्ड को चुस्त-दुरूस्त रखने के लिये मैनुअल फार्म भी भरवाने का कार्य चल रहा है। इस अभियान को और गति प्रदान करने के लिये आज दिनांक 22 सितम्बर को जिला भाजपा कार्यालय में जिले की एक वृहद बैठक हुई, जिसमें अबतक हुई सदस्यता अभियान की समीक्षा की गई तथा आगे का लक्ष्य निर्धारित किया गया। बैठक में प्रदेश भाजपा से आये संभाग प्रभारी भूपेन्द्र सवत्री ने अब इस अभियान को और गति प्रदान करने के लिये चम्मेर बूथ-मोर अभियानन्ज् के शुरूआत की घोषणा करते हुये कहा कि जिले के भाजपा कार्यकर्ताओं की कार्यकुशलता पूरे प्रदेश में प्रचारित है, यही कारण है कि लोकसभा चुनाव में यहां के कार्यकर्ताओं के जीवटता के कारण ही कांग्रेस के दिग्गज नेता पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को पराजय का स्वाद चखना पड़ा। भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार बैठक के प्रारंभ में जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल ने अब तक के अभियान का खाका खींचते हुये कहा कि अभी भी कार्यकर्ताओं को घर से बाहर निकलकर इस अभियान को और गति प्रदान करना पड़ेगा तभी हम लक्ष्य को प्राप्त कर पायेंगे। उन्होनें अभियान को और गति देने के लिये जिले के सदस्यता अभियान प्रभारी व सह-प्रभारियों को अब विधानसभा स्तर की जिम्मेदारी सौंपते हुये कहा कि प्रभारीगण अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों में दृष्टि जमायें व अभियान को सफल बनायें। इसके तहत सावन वर्मा राजनांदगांव विधानसभा, आभा तिवारी डोंगरगांव विधानसभा, आलोक श्रोती खुज्जी विधानसभा तथा रविन्द्र वैष्णव को डोंगरगढ़ विधानसभा की जिम्मेदारी देकर अभियान में मिले लक्ष्य को पूरा करने की जवाबदेही दी गई। बैठक में कार्यकर्ताओं से सदस्यता अभियान को लेकर आ रही दिक्कतों की जानकारी ली गई तथा संभाग प्रभारी भूपेन्द्र सवत्री ने उन समस्याओं का निराकरण भी बताया। इस दौरान जिला भाजपा उपाध्यक्ष व डोंगरगांव विधानसभा में अभियान के प्रभारी आभा तिवारी ने उन्हे मिलें लक्ष्य को पूरा करके सदस्यता रिकॉर्ड की पंजी जिला भाजपा अध्यक्ष को सौंपी। बैठक को भाजपा के वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख ने भी संबोधित किया, संचालन रविन्द्र वैष्णव व आभार प्रदर्शन सावन वर्मा ने किया । बैठक में भाजपा के वरिष्ठ नेता संतोष अग्रवाल, नीलू शर्मा, राजेन्द्र गोलछा, विनोद खाण्डेकर, कोमल सिंह राजपूत, रवि सिन्हा, आलोक श्रोती, सुरेन्द्र सिंह बघेआना, चन्द्रिका डड़सेना, लीलाधर साहू, राजेश श्यामकर, आलोक बिंदल, रघुवीर वाधवा, विकास तिवारी, हिरेन्द्र साहू, अजय पटेल, रोहित चन्द्राकर, अतुल रायजादा, रामकुमार गुप्ता, बोधन साहू, जागेश्वर साहू, बोधीराम साहू, जैनकुमार मेश्राम, लक्ष्मीनारायण गुप्ता, अमित जैन सहित मंडलो के महामंत्री, मंडल व शक्ति केन्द्रों के सदस्यता अभियान प्रभारियों सहित बड़ी संख्या में पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थें।

अब मोर बूथ-मोर अभियान की शुरुआत

करियाटोला नहर नाली के पास घेराबंदी कर शराब रेड कार्यवाही

अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री के जुर्म मे आरोपी गिरफ्तार

डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)। डोंगरगांव करियाटोला नहर नाली के पास घेराबंदी कर शराब रेड कार्यवाही अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री के जुर्म मे धनराम पटेल को किया गया गिर0 आबकारी अधिनियम के तहत आरोपी के पास से कुल 38 नग पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 3420/- रूपये को किया गया जप्त थाना डोंगरगांव - दिनांक 21.09.2024 थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार शाह के नेतृत्व मे थाना डोंगरगांव क्षेत्रों मे जुआ , शराब , चोरी के गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखते हुये दिनांक 21.09.2024 को थाना डोंगरगांव पुलिस को धनराम पटेल नामक व्यक्ति के द्वारा करियाटोला रोड नहर नाली के पास शराब बिक्री करने की मुखबीर से सुचना प्राप्त होने पर सूचना के आधार पर थाना डोंगरगांव मे पुलिस टीम मौके पर पहूंच कर घेराबंदी की तैयारी कर रेडकार्यवाही किया रेड कार्यवाही मे आरोपी धनराम पटेल पिता सियाराम पटेल , वॉर्ड नं0 15 शिक्षक कालोनी , डोंगरगांव ,, को शराब बिक्री करते रंगे हाथों पकड़ा एवं धनराम पटेल के कब्जे से कुल 38 पौवा देशी प्लेन (युनकि)शराब कीमती 3420/- रूपये को आबकारी एक्ट की धारा - 34 (2) के तहत जप्त कर आरोपी को मौके पर ही गिर0 की सूचना देकर गिर0 किया गया है । आरोपी का जुर्म अजमानतीय है । 22.09.24 को न्यायालय ज्युडिशियल रिमांड पर पेश किया जायेगा । थाना डोंगरगांव पुलिस की कार्यवाही आगे जारी रहेगी।

अर्जुनी में विद्युत मंडल के खिलाफ धरना प्रदर्शन आज

डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)। 23 सितंबर सोमवार को ग्राम अर्जुनी में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी डोंगरगांव के तत्वाधान में विद्युत मंडल के खिलाफ धरना प्रदर्शन का कार्यक्रम रखा गया है उक्त धरना प्रदर्शन में विधायक दलेश्वर साहू जी मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे ब्लाक कांग्रेस कामेटी के अध्यक्ष चेतन साहू ने बताया है कि अर्जुनी क्षेत्र में आए दिन बिजली कटौती से क्षेत्र के ग्रामीण जन और किसान वर्ग ज्यादा परेशान है यहां पर बिजली को लेकर आफिस जाने पर कोई भी जिम्मेदार अफसर और कर्मचारी नहीं रहते यहां पर जे ई और लेखापाल निवास में नहीं रहते जिनके कारण बिजली से संबंधित कोई भी कार्य समय पर नहीं होता सोमवार को आयोजित धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में कांग्रेस पार्टी के सभीपदाधिकारी, कार्यकर्ता और ग्रामीणों के उपस्थिति में दोपहर 12 बजे रैली निकालकर बिजली कटौती को लेकर प्रदर्शन करेंगे।

भाजपा शासन में बढ़ रहा अपराधों का ग्राफ- महेंद्र यादव

तेजी से घट रहा भाजपा का जनाधार

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। जिला पंचायत सदस्य व कांग्रेस के युवा नेता महेंद्र यादव ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में भाजपा शासन के 9 महीने में ही गुंडाराज कायम हो गया है। अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं इस वजह से भाजपा पर से आम आदमी का भरोसा उठ गया है उन्होंने कबीरधाम जिले लोहारीडीह गांव के युवक के साथ पुलिस कस्टडी में बर्बरतापूर्वक प्रशांत साहू को मारा गया। इतना मारा गया की उसके प्राण निकल गए। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को गृहमंत्री विजय शर्मा का तत्काल प्रभाव से इस्तीफा देना चाहिए। एक निकम्मा गृहमंत्री जिसके विधानसभा क्षेत्र में एक युवक पुलिसिया बर्बरता का भेंट चढ़ गया जो नींदनीय है। श्री यादव ने आगे कहा कि प्रदेश के गृह मंत्री एवं उपमुख्यमंत्री तथा राजनांदगांव जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा उनके राज में पूरे प्रदेश में अत्याचार की अनेक घटनाएं सामने आ चुकी है। इस तरह प्रदेश के सबसे ज्यादा आबादी वाले समाज पर अत्याचार के खिलाफपूरे प्रदेश भर के साहू समाज में आक्रोश व्याप्त है। सत्ता पार्टी के भाजपा के दबाव में आकर पुलिस जो अत्याचार कर रही है वह निंदनीय है। ऐसी स्थिति में विजय शर्मा को नैतिकता के नाते अपने सभी पदों से इस्तीफा दे देना चाहिए उन्होंने इसके अनेक उदाहरण दिए हैं ताजा घटनाक्रम कबीरधाम जिले के लोहारीडीह गांव का देते हुए कहा कि वहां पुलिस बर्बरता की जो तस्वीर और कहानी सोशल मीडिया पर वायरल हुई है। वह रूह काप देने वाली है। जनता देख रही है समझ रही है भाजपा शासन में कानून व्यवस्था चरमरा गई है। आम जनता देख रही है सुन रही है आने वाले चुनाव में इसका असर आसानी से नगरीय निकाय चुनाव में उसके बाद पंचायती राज त्रिस्तरीय चुनाव में देखने को मिल जाएगा।

छत्तीसगढ़ का बहुसंख्यक साहू समाज पुलिस और सरकार का दमन नहीं सहेगा - भागवत साहू

बैठक में निंदा प्रस्ताव पारित मृतक प्रशांत साहू को श्रद्धांजलि गृहमंत्री का पुतला दहन नारे के साथ की इस्तीफे मांग

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। जिला साहू संघ के अध्यक्ष भागवत साहू ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में बहुसंख्यक साहू समाज के लोगों पर पिछले करीब नौ माह से सत्ता पक्ष और उनके पुलिसकर्मियों द्वारा अत्याचार किया जा रहा है। श्री साहू ने दो परिवारों को न्याय नहीं मिला तो समाज उग्र आंदोलन करने मजबूर होगा। बैठक में मृतक को श्रद्धांजलि देने के बाद गृह मंत्री का पुतला दहन किया गया आज दोपहर जिला साहू संघ एवं उनके विभिन्न प्रकोष्ठों परी क्षेत्रीय समाज एवं तहसील साहू संघ आदि की संयुक्त बैठक में सामाजिक विषय आदि को लेकर चर्चा चली वहीं कबीरधाम के लोहारीडीह में पुलिस बर्बरता से मृत हुए प्रशांत साहू को श्रद्धांजलि दी गई। वहीं पुलिस की इस करतूत के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। इसके बाद समाज के लोगों ने रैली की शक्ल में मानव मंदिर चौक पहुंचकर गृहमंत्री, उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा का पुतला दहन किया गया। उनकी इस्तीफा की मांग की गई। तत्पश्चात साथ ही कवर्धा कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक और पुलिस कर्मी के ऊपर कठोर दंडतनात्मक करवाई करने को लेकर राज्यपाल के नाम कल कलेक्टर को ज्ञापन सौपा गया। जय स्तंभ चौक में दोपहर 2:30 बजे शांति पुर्ण टूक चेतावनी देते हुए कहा कि अब समाज बहुत अत्याचार सह चुका है। सहनशीलता की कोई सीमा भी होती है। साहू समाज के लोगों पर लगातार हो रहे अत्याचार से समाज के सहनशीलता बर्दाश्त की बाहर हो चुकी है। अगर अत्याचार से मृत लोगों के धरना प्रदर्शन किया गया। जिसमें जिला साहू संघ के अध्यक्ष भागवत साहू ने कहा कि जिला साहू संघ राजनांदगांव द्वारा कवर्धा जिला अन्तर्गत लोहारीडीह ग्राम के प्रशांत साहू की पुलिस कस्टडी में निर्मम पिटाई पश्चात् मौत होने से समाज पर अत्याचार के खिलाफपूरे प्रदेश भर के साहू समाज में आक्रोश व्याप्त है। प्रदेश साहू संघ के निर्देश पर राजनांदगांव जिला साहू संघ भी आंदोलन के लिए कमर कसकर तैयार खड़ा है। आगे प्रदेश साहू संघ द्वारा दिशा निर्देश इशारा मिलते ही और जरूरत पड़ी तो उग्र आंदोलन भी किया जाएगा। इसके अलावा उपस्थिति और भी अतिथियों के द्वारा भाजपा सरकार और पुलिस विभाग को जमकर कोशा है। इस अवसर पर मुख्य रूप से समस्त कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष भागवत साहू के साथ महामंत्री नीलमणि साहू, कोषाध्यक्ष नोवल साहू, श्रीमती विभा साहू, नंद् राम साहू, पुर्णिमा साहू, उपाध्यक्ष नीरा साहू, महेश्वर साहू, मदन साहू, कूलेश्वर साहू नगर अध्यक्ष, चुम्मन साहू संयोजक

राजनीति प्रकोष्ठ, नरेंद्र साहू, उपाध्यक्ष गंजीर अनिल साहू, तहसील अध्यक्ष अंजू साहू, मंथिर साहू घुमका, राजेश साहू, डाक्टर अनिल साहू, श्रीमती पूर्णिमा साहू, सहदेव साहू, घनश्याम साहू, विखेश्वरी साहू, मुनेश्वरी साहू संयोजिका महिला प्रकोष्ठ, मोहनी साहू, जयश्री साहू, दुलारी साहू, लीला साहू, तिजेश्वरी साहू, केशरी साहू, शैलेंद्री साहू, शोभा साहू, सुमन साहू, जग मोहन, सुजाता साहू, नूतन साहू, तुका साहू, खेमू दास, टेक राम साहू सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com